# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 मार्च 2024 **7:20 AM**

- पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिये कल से नामांकन प्रक्रिया हुयी शुरू। कई प्रत्याशियों ने लिये नामांकन पत्र।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा–चुनाव प्रचार के लिये धार्मिक स्थलों का नहीं कर सकेंगे इस्तेमाल। जाति या सम्प्रदाय की भावनाओं के आधार पर भी नहीं की जा सकेगी अपील।।
- प्रदेशभर में मतदाता जागरूकता के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन। मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की, की जा रही अपील।
- समाजवादी पार्टी ने प्रदेश की पांच और लोकसभा सीटों के लिये घोषित किये उम्मीदवार।

**********

प्रदेश के 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कल से नामांकन शुरू हो गया। प्रथम चरण में निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होकर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन के दौरान आरओ–एआरओ कार्यालय में 5 लोगों को ही प्रवेश को अनुमति होगी।

पहले दिन सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। इन लोकसभा सीटों में 7 सामान्य सीटें है वहीं नगीना सीट आरक्षित है। पहले चरण के नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकनपत्रों की जांच 28 मार्च को होगी तथा 30 मार्च को नाम वापसी का दिन तय है। प्रथम चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ तिरालिस लाख़ मतदाता है। इनमें छिहत्तर लाख तेइस हजार पुरूष, सड़सठ लाख चौदह हजार महिला और 824 थर्ड जेन्डर के मतदाता हैं। इस चरण में होने वाले मतदान के लिये कुल सात हजार से अधिक मतदान केन्द्र तथा 14 हजार 842 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। चुनाव में व्यय की अधिकतम सीमा प्रति प्रत्याशी 95 लाख निर्धारित की गई है।

हमारे प्रतिनिधि ने जानकारी दी है कि पहले चरण में शामिल पीलीभीत लोक सभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया कल से शुरू हो गई। यहां पहले दिन 13 संभावित प्रत्याशियों की ओर से 30 नामांकन पत्र खरीदे गये।

***"कड़ी सुरक्षा के बीच आज से कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन मौजूदा सांसद वरुण फिरोज गांधी के लिए उनके प्रतिनिधि ने नामांकन पत्र खरीदे। जबकि बसपा प्रत्याशी अनीश अहमद फूलबाबू और 11 अन्य संभावित प्रत्याशियों द्वारा कुल 30 नामांकन पत्र खरीदे गए। पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने यहां पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम और वी वी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। ऐसा पहली बार है कि बसपा के अलावा अन्य किसी भी पार्टी द्वारा अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है। सतीश मिश्र, आकाशवाणी समाचार, पीलीभीत।***

कैराना लोकसभा सीट के लिये नामांकन की प्रक्रिया शामली जिले में हो रही है। हमारे प्रतिनिधि ने जानकारी दी है कि प्रशासन ने नामांकन के लिये कड़े सुरक्षा इंतजाम किये हैं। एक रिपोर्ट........

***( शामली जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला कलक्ट्रेट स्थित डीएम कोर्ट परिसर व कक्ष में सीसीटीवी कैमरे और मुख्य गेट से नामांकन कक्ष तक बेरिकेडिंग की गई हैं। कलक्ट्रेट परिसर में प्रत्येक प्रत्याशी के साथ चार अन्य प्रस्तावक को मेटल डिटेक्टर से चेकिंग के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जाएगा। नामांकन कक्ष से मुख्य गेट और 100 मीटर की परिधी में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस एवं पीएसी बल तैनात किया गया है। प्रत्याशियों के साथ भीड़ को रोकने के लिए 100 मीटर की दूरी पर बेरियर लगाए गए है। नामांकन के पहले दिन आज कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया, वहीं कोई नामांकन पत्र विक्रय भी नहीं हुआ। आकाशवाणी समाचार के लिए शामली से अनुज कुमार सैनी ।***

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा है कि चुनाव प्रचार के मंच के रूप में धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल नही किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। इसका पालन न करने वाले दलों व प्रत्याशियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के अनुपालन में कोई दल या प्रत्याशी विभिन्न जातियों व समुदायों के बीच मतभेद पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकेगा साथ ही दूसरे दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के निजी जीवन की आलोचना करना आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आयेगा। निर्वाचन के दौरान मत हासिल करने के लिये किसी जाति या सम्प्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जायेगी। मतदाताओं को धन देना व डराना–धमकाना भी आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आयेगा। मतदान केन्द्रों से सौ मीटर की दूरी के भीतर प्रचार पर पाबंदी रहेगी। साथ ही, मतदान समाप्त होने के पहले अड़तालीस घंटों की अवधि में सार्वजनिक बैठकें आयोजित नहीं की जा सकेंगी। कोई भी प्रत्याशी या दल मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक ले जाने और ले आने के लिये परिवहन की व्यवस्था नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल अपने समर्थकों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर पोस्टर, झंडा व बैनर नहीं लगा सकेगा।

**********

राजनीतिक दल और प्रत्याशी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थक दूसरे दलों द्वारा आयोजित बैठकों और जुलूसों में बाधा नहीं खड़ी करें।

उधर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति और सभी बैंकों के उच्च अधिकारियों के साथ भी कल लखनऊ में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान हर बैंक खाते से होने वाले बड़े लेन–देन पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। बैंकों को एक लाख या इससे अधिक के ट्रांजेक्शन की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को देनी होगी। यदि निकासी दस लाख रूपये से अधिक की होगी तो जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से इसकी सूचना आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को भी देनी होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रत्याशी का निर्वाचन व्यय के लिये अलग खाता खोला जायेगा।

**********

लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत अधिक से अधिक मतदान कराये जाने को लेकर प्रदेश भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को मतदान की अहमियत बताने के साथ ही मतदान करने के लिए भी अपील की जा रही है। जौनपुर में कल कुत्तूपुर तिराहा से सिद्दीकपुर खेल स्टेडियम के बीच रन फॉर वोट मिनी मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरूष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों को मतदान करने की शपथ भी दिलायी गयी। इसी क्रम में अमरोहा के जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में मेरा पहला वोट देश के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पहली बार मतदाता बनने वाले विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलायी गयी। गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, अयोध्यया और भदोही जनपद में भी विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बलरामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविर का आयोजन हुआ और स्वयंसेवकों ने घर–घर जाकर लोगों को मतदान के लिये शपथ दिलायी।

**********

समाजवादी पार्टी ने कल प्रदेश की पांच और लोकसभा सीटों के लिये उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जबकि पूर्व में गौतमबुद्धनगर सीट के लिये घोषित प्रत्याशी को बदल दिया है। पार्टी ने सम्भल सीट के लिये यहां के दिवंगत सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के पौत्र व मुरादाबाद की कुन्दरकी सीट के सपा विधायक जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया है। बागपत से पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, पीलीभीत से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, घोसी से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता राजीव राय और मिर्जापुर से उद्योगपति राजेन्द्र एस बिन्द को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं गौतमबुद्धनगर सीट पर पहले उम्मीदवार घोषित किये गये डॉक्टर महेन्द्र नागर की जगह राहुल अवाना को प्रत्याशी बनाया गया है। समाजवादी पार्टी अब तक प्रदेश में पैंतालीस लोकसभा सीटों के लिये प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। पार्टी ने भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिये छोड़ी है जबकि सत्रह सीटें कांग्रेस को दी है।

**********

प्रदेश में कल अचानक बदले मौसम की वजह से पूर्वांचल के कई जिलों में फसल को काफी नुकसान हुआ है। तेज आंधी और बारिश की वजह से गेहूं की फसल खेतों में गिर गयी है। चंदौली, वाराणसी, अयोध्या, जौनपुर, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ, महराजगंज और देवरिया से हमारे प्रतिनिधियों ने जानकारी दी है कि उनके क्षेत्रों में मौसम बदलने और बारिश होने से जहां एक ओर तापमान में गिरावट आयी, वहीं सरसों और गेहूं की फसलों को नुकसान हुआ है। प्रदेश के करीब सभी जिलों में आज मौसम साफ हो गया। सुबह ही धूप निकल गयी।

**********